**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 08.04.2026 (सुबह – 0830 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. झारखंड में एसआइआर को लेकर भाजपा–कांग्रेस में सियासत तेज, भाजपा ने योग्य मतदाता छूटे नहीं, अवैध मतदाता जुड़े नहीं का संकल्प दोहराया, कांग्रेस बोली– वोटर लिस्ट से कटने नहीं दिया जाएगा किसी भी मतदाता का नाम।
2. ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा– झारखंड में अगले साल 27 प्रतिशत आरक्षण के साथ निर्धारित समय से कराये जायेंगे पंचायत चुनाव।
3. बोकारो से युवती की गुमशुदगी मामले में हाईकोर्ट ने डीजीपी को विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का दिया निर्देश, एसपी पर आपराधिक अवमानना की कार्रवाई शुरू करने की दी चेतावनी।
4. लोकायुक्त और सूचना आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर भाजपा ने राज्य सरकार की कार्यशैली पर जतायी नाराजगी, कांग्रेस ने कहा– महिला आयोग सहित विभिन्न बोर्ड और निगमों में होगी नियुक्ति।

और

5. नयी दिल्ली में चल रही 17वीं लॉन बॉल एशियन चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्द्धाओं में कांस्य पदक जीतकर सेमीफाइनल में बनायी जगह।

*******************

झारखंड में एसआईआर को लेकर बीजेपी और कांग्रेस में बैठकों का दौर जारी है। भाजपा विधायक उज्ज्वल दास ने कहा कि एसआईआर के दौरान कोई भी योग्य मतदाता छूटे नहीं और अवैध मतदाता वोटर लिस्ट में जुड़े नहीं, इसी संकल्प के साथ पार्टी के सभी बीएलए काम करेंगे।

इधर, झारखंड कांग्रेस ने एसआईआर प्रक्रिया पर चिंता व्यक्त की। बैठक में कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी हालत में झारखंड के मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट से कटने नहीं दिया जाएगा। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि झारखंड में एसआईआर से जुड़ी हर प्रक्रिया पर जनता को जागरूक किया जाएगा।

*******************

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड में बहुत जल्द स्वास्थ्य गारंटी कार्ड लागू किया जाएगा। इससे हर नागरिक को बेहतर और सुलभ इलाज सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड के हर व्यक्ति को स्वास्थ्य सुरक्षा देना सरकार की प्राथमिकता है। इधर झारखंड को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड रैंकिंग में पूरे देश में तीसरा स्थान मिलने पर स्वास्थ्य मंत्री ने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि सरकार की प्रतिबद्धता और स्वास्थ्य विभाग की लगातार मेहनत का परिणाम है।

*******************

पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने स्पष्ट किया है कि राज्य में पंचायत चुनाव अगले वर्ष निर्धारित समय पर ही कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि विभाग पूरी सक्रियता और प्रतिबद्धता के साथ तैयारियों में जुटा हुआ है। मंत्री ने कहा कि पंचायत चुनाव 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण लागू करते हुए ही कराए जाएंगे।

*******************

बोकारो जिले की 18 वर्षीय युवती की गुमशुदगी से जुड़े मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने पुलिस की कार्रवाई पर नाराजगी जतायी है। अदालत ने पीड़ित परिवार के परिजन को थाना बुलाकर पीटने के मामले को चिंताजनक बताया। अदालत ने इस मामले में डीजीपी से विस्तृत जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने डीजीपी से पूछा कि बोकारो एसपी के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्रवाई क्यों न शुरू की जाए। अदालत ने कहा कि भविष्य में याचिकाकर्ता या उनके किसी रिश्तेदार को पुलिस प्रताड़ित करती है तो बोकारो एसपी जिम्मेवार होंगे।

*******************

राज्य में सिकल सेल एनीमिया और थैलेसीमिया जैसी गंभीर आनुवंशिक बीमारियों की समय पर पहचान के लिए अभियान चलाया जायेगा। शून्य से पांच वर्ष और 18 से 30 वर्ष के करीब एक करोड 40 लाख लोगों की स्क्रीनिंग की जाएगी। लोगों के सैंपल घर–घर जाकर लिये जाएंगे। जांच के बाद सभी रिपोर्ट नेशनल सिकल

सेल पोर्टल पर अपलोड की जाएंगी। राज्य सरकार का उद्देश्य स्क्रीनिंग, सैंपल कलेक्शन और ट्रांसपोर्टेशन की प्रक्रिया को मजबूत बनाना है, ताकि इन बीमारियों की समय रहते पहचान हो सके और इनके प्रसार को कम किया जा सके।

*******************

ईरान में बिगड़ते हालात और युद्ध के बढ़ते खतरों के बीच भारत सरकार ने वहां मौजूद अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि ईरान में रह रहे भारतीय फिलहाल जहां हैं, वहीं रहें। यात्रा से पूरी तरह बचें, क्योंकि वहां परिस्थितियां बहुत तेजी से बदल रही हैं।

*******************

झारखंड में लोकायुक्त और सूचना आयुक्तों की नियुक्ति पर भाजपा ने राज्य सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि नगर निगम चुनाव हो या लोकायुक्त–सूचना आयुक्त की नियुक्ति, जब तक हाईकोर्ट के कड़े निर्देश नहीं आते, तब तक राज्य सरकार पहल नहीं करती। बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने कहा कि महिला आयोग के अलावा बाल संरक्षण आयोग में अध्यक्ष के साथ–साथ सदस्य का पद भी खाली है। अन्य कई आयोगों की भी यही स्थिति है।

वहीं कांग्रेस महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि सूचना आयुक्त और लोकायुक्त की नियुक्ति के बाद महिला आयोग का भी गठन होगा। जिन नामों पर सहमति बनी है, उसकी सूची लोकभवन को भेजी गयी है। राज्यपाल की सहमति के बाद इसकी घोषणा होगी।

*******************

गोड्डा जिले में होमगार्ड की बहाली के लिए महागामा स्थित उर्जानगर राजेंद्र स्टेडियम में आज से दौड़ प्रक्रिया शुरू हुई। जिला सामान्य शाखा पदाधिकारी अविनाश कुमार पुर्णेदु के साथ एसडीओ आलोक वरण केसरी ने बताया कि दौड़ प्रक्रिया में आठ से तीस अप्रैल तक प्रतिदिन एक–एक प्रखंड के आवेदकों को शामिल किया जायेगा।

*******************

नयी दिल्ली में चल रही 17वीं लॉन बॉल एशियन चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों – दिनेश, रूप रानी तिर्की, सुनील बहादुर, रेशमा कुमारी और अंडर–25 वर्ग में बसंती कुमारी और सौरव ने अपनी–अपनी स्पर्द्धाओं में कांस्य पदक जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनायी है। इस उपलब्धि पर मंत्री सुदिव्य सोनू सहित खेल विभाग के अधिकारियों और झारखंड लॉन बॉल्स संघ के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

*******************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

राज्य से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी अखबारों ने अमेरिका से ईरान को मिली धमकी की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा...

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– हमलों के बीच होर्मुज पर दुनिया बंटी।

प्रभात खबर ने पश्चिम बंगाल से 91 लाख लोगों का नाम वोटर लिस्ट से बाहर होने की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक भास्कर ने बोकारो जिले में कुबेर पोर्टल में छेड़छाड़ कर अकांउंटेंट द्वारा 25 माह में 4 करोड से अधिक की अवैध निकासी की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण ने रिम्स जमीन घोटाला मामले में चार आरोपियों की गिरफ्तारी की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

********समाप्त**********